हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 3 अप्रैल 2026, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक 2026 के पारित होने से देश में जीवन यापन और व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विधेयक विश्वास पर आधारित ढांचे को मज़बूत करता है। राज्यसभा ने इसे कल मंजूरी दी थी। लोकसभा ने इस विधेयक को बुधवार को पारित कर दिया था। इसमें 23 मंत्रालयों द्वारा प्रशासित 79 केंद्रीय अधिनियमों में संशोधन का प्रस्ताव है। कुल 784 प्रावधानों में संशोधन प्रस्तावित है।

****
****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना को किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच बताते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें।

मुख्यमंत्री ने कल बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना की प्रगति और प्रभावशीलता पर विस्तृत चर्चा के दौरान यह निर्देश दिए। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मधुमक्खी पालन से जुड़े पालकों को भी इस योजना के दायरे में शामिल करने का निर्णय लिया गया है, जिससे

उन्हें भी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को प्राकृतिक आपदा से जोखिम मुक्त करने के लिए 46 प्रमुख बागवानी फ़सलों पर मुआवज़ा दिया जाता है। इन फ़सलों में 23 सब्जियों, 21 फलों व 2 मसालों की फ़सलें शामिल हैं। इतना ही नहीं, वर्ष 2026- 27 के बजट में इन मुआवजा राशि को बढ़ाने की घोषणा भी की गई है।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को बजट घोषणाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कल विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिवों के साथ बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बजट में की गई प्रत्येक घोषणा की जानकारी ग्राम स्तर तक पहुंचे और ग्राम सभाओं की बैठकों में इन पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए जाएं तथा इसकी सूचना मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य के सभी 775 किसान उत्पादक संगठनों की बैठक बुलाई जाए, जिसमें वे स्वयं भी भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संबंधित केंद्रीय एजेंसियों को भी प्रस्तावित बैठकों में आमंत्रित किया जाए, ताकि तालमेल के साथ किसानों के हित में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

****
****

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कल करनाल के घरौंडा के गांव चोरा में लगभग सवा 10 करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें 6 करोड़ 27 लाख की लागत से चोरा से मुंडीगढ़ी वाया सदरपुर सडक़ यमुना क्रीक पर एक समानांतर पुल के निर्माण का उद्घाटन, 31 लाख की लागत से बनने वाले राजकीय पशु औषधालय, 20 लाख तीन हजार रुपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर पुल तक नाले का निर्माण, तीन करोड़ 31 लाख की लागत से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनने वाले आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन मंजिला भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है। इस भवन में 18 कमरे, तीन शौचालय व रैम्प की सुविधा रहेगी। यह निर्माण कार्य लगभग दो साल में पूरा हो जाएगा। इस दौरान श्री हरविंदर कल्याण ने कहा कि चोरा आसपास के कई गांवों का मुख्य केंद्र है। यहां होने वाले विकास कार्यों से आसपास के गांवों के हजारों ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

****
****

हरियाणा राज्य महिला आयोग ने हरियाणा की जानी-मानी अदाकारा अंजलि राघव से जुड़े विवाद से भोजपुरी फिल्म उद्योग के मशहूर अभिनेता गायक पवन सिंह का नाम हटा दिया है। आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने फरीदाबाद में जनसुनवाई के दौरान बताया कि पवन सिंह ने इस पूरे प्रकरण में माफी मांग ली थी, जिसके बाद उनके खिलाफ चल रही कार्रवाई को समाप्त कर दिया गया। अंजलि राघव ने आयोग को एक ई-मेल भेज कर पवन सिंह पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया गया था ।

****

कैथल जिला अदालत में न्यायिक मजिस्ट्रेट तुषार शर्मा ने लापरवाही के एक मामले में चार पुलिस कर्मियों को दो-दो साल की कैद और 2-2 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। कैथल निवासी प्रदीप कुमार द्वारा दर्ज मुकदमे की सुनवाई पर अदालत का यह फैसला आया है। यह मामला शिकायतकर्ता के छोटे भाई अमरजीत के डा. संदीप बूरा से 19 लाख तथा हिसार निवासी डा. अजय पुनिया से 10 लाख रूपये लेने का मामला था जिसमें पुलिस की लापरवाही और दोषी पुलिसकर्मियों की प्रताड़ना के चलते अमरजीत ने आत्महत्या कर ली थी।

****